2020/00156

न्यायालय लैण्ड रेकर्ड ओफिसर (एस.डी.ओ.) सिरोही राज.

क्रमांकः कोर्ट/2020/ 3044 दिनांक 9-11-2020

राजस्व प्रा.पत्र. संख्या 118/2020

प्रेषिति :–

तहसीलदार
सिरोही

आपके तहसील कार्यालय सिरोही द्वारा जरिये पत्र कमांक भू.अ./2020/2715 दिनांक 30–9–2020 के संलग्न मौजा पाडीव पटवार हल्का पाडीव तहसील सिरोही की वर्तमान जमाबंदी संवत 2070–2073 के खाता संख्या 311 के प्राप्त प्रस्ताव मय राजस्व रेकर्ड जमाबंदी दस्तावेजात प्रतियों तथा पटवारी हल्का पाडीव की रिर्पोट का गहनतापूर्वक अवलोकन व उस पर मनन करने के उपरान्त यह पाया कि जमाबंदी संवत 2070–2073 के खाता संख्या 311 मे समस्त सहखातेदारों के 1/9 हिस्सा अंकित है जो गलत है। सेग्रीगेशन से पूर्व की जमाबंदी संवत 2070–73 के खाता संख्या 311 मे प्रार्थी व अन्य खातेदारों के हिस्से अंकित नही थे जबकि जमाबंदी सेग्रीगेशन के दौरान जो हिस्से दर्ज हुये है वे त्रुटिपूर्ण है। पटवारी हल्का पाडीव द्वारा तैयार पेढीपत्रक अनुसार नरसा पुत्र मानाजी के तीन पुत्र कालू ,सीता व गणेश है जिनमे से कालू फौत होने से उसके उत्तराधिकारी थानाराम ,चन्दुलाल ,भरतकुमार ,आशा ,ज्योति ,रिंकू व लेहरी कुल सात के नाम दर्ज हुये। इस प्रकार उक्त भूमि मे कालू ,सीता व गणेश के 1/3 ,1/3 हिस्से है। तथा कालू के सातों वारिसान के 1/21 ,1/21 हिस्से बनते है जो सही है। उपरोक्तानुसार वर्तमान जमाबंदी खाता संख्या 311 मे हिस्सों की शुद्वि की जाना उचित बताया है। अतः प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज प्रतियो व पटवारी हल्का पाडीव की रिर्पोट ,तथा आपकी अनुशंषा के आधार पर प्राप्त प्रस्ताव स्वीकार किया जाना उचित होने से राजस्थान भू.राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के तहत उक्त प्रस्ताव को स्वीकार करते हुये आपको पुनःमूल प्रस्ताव मय राजस्व रेकर्ड के भेजकर आदेश दिये जाते है कि प्रस्तावानुसार वर्तमान जमाबंदी खाता संख्या 311 मे हिस्सों की शुद्वि कर दर्ज/राजस्व रेकर्ड मे दुरूस्ती कर जमाबंदी अपडेट कर पालना रिर्पोट एक सप्ताह के भीतर इस न्यायालय को आवश्यक रूप से भिजवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें ।

लैण्ड रेकर्ड ओफिसर (एस.डी.ओ.)
सिरोही

Signature Not Verified

Digitally signed by Hansmukh Kumar
Date: 2021.07.28 17:29:03 IST
Reason: SelfAttested